प्रेस नोट

दिनांक 27.01.2023

कार्यालय पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व

41 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय श्री रविदत गौड़ के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान अवैध मादक पदार्थो व अवैध हथियारो के खिलाफ कार्यवाही के आदेशानुसार तथा श्रीमती डॉ. अमृता दुहन पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व, श्रीमान नाजीम अली अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व के निर्देशन में तथा श्रीमान राजेन्द्र प्रसाद दिवाकर सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर जोधपुर पूर्व के सुपर विजन मे मन् थानाधिकारी सीताराम खोजा नि0पु0 पुलिस थाना बनाड़ द्वारा थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। मन् थानाधिकारी सीताराम खोजा को थाना हाजा के आसूचना अधिकारी श्री राजेन्द्र कानि 1870 द्वारा सूचना दी कि राकेश पुत्र श्री जंवरीलाल जाति विश्नोई निवासी विश्नोईयो की ढाणींया डोलिया पुलिस थाना डागियावास जोधपुर जो अवैध डोडा पोस्त का धंधा करता है। जो किराये के मकान बालाजी नगर श्रीयादे नगर नान्दड़ा कला में रहता हैं जिस पर मन् थानाधिकारी मय जाब्ता द्वारा श्रीयादे नगर नान्दड़ा कला मे किराये के मकान पर दबिश दी गई। जिस पर किराये के रहवासीय मकान मे एक व्यक्ति राकेश पुत्र श्री जवरीलाल जाति बिश्नोई निवासी विश्नोईयो की ढाणींया डोलिया पुलिस थाना डागियावास जोधपुर को दस्तीयाब कर उसके कब्जे से तीन प्लास्टीक के कट्‌टो मे भरे अवैध डोडा पोस्त पाये गये, जिनका वजन करने पर प्लास्टिक के कट्टो सहित वजन 41 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त हुआ व जिस पर आरोपी राकेश से अवैध डोडा पोस्त बरामद कर गिरफ्तार किया गया हैं। उक्त मुलजिम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण दर्ज किया गया। अग्रिम अनुसंधान जारी हैं।

अभियुक्त का नाम

1 राकेश पुत्र श्री जवरीलाल जाति बिश्नोई निवासी विश्नोईयो की ढाणींया डोलिया पुलिस थाना डागियावास जोधपुर।

कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम

1 श्री सीताराम निपु थानाधिकारी पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर
2 श्री महिपाल मीणा हैडकानि0 1847 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर
3 श्री मदनलाल हैडकानि 952 पुलिस थान बनाड़ जोधपुर
4 श्री राजेन्द्र सिलारी कानि 1870 आसुचना अधिकारी पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर
5 श्री हुकमाराम कानि 2361 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर
6 श्री बीरबलराम कानि0 3044 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर
7 श्री सुखदेव कानि0 2641 चालक पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर

नोटः– उक्त कार्यवाही में आसूचना अधिकारी श्री राजेन्द्र कानि 1870 का विशेष योगदान रहा।

भवदीय
एसडी/–
थानाधिकारी
पुलिस थाना बनाड़
जोधपुर पूर्व